Annexure-7 (1)

पत्रांक : CUSB/BBV/D/74/2023

दिनांक : 02/08/2023

कुलसचिव कार्यालय
डायरी सं० 5241
दिनांक 07/08/23

सेवा में,

कुलसचिव,
दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय, गया

विषय : बोर्ड ऑफ स्टडीज, भारतीय भाषा विभाग द्वारा अनुशंसित एम.ए. (स्नातकोत्तर) हिन्दी के पत्रों/कोर्सेज एवं उर्दू ओपन इलेक्टिव कोर्स "उर्दू भाषा एवं साहित्य: एक परिचय" का प्रेषण।

महोदय,

उक्त विषय के सन्दर्भ में आपका ध्यान आकर्षित करते हुए अवगत कराना चाहता हूँ कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के आलोक में बोर्ड ऑफ स्टडीज, भारतीय भाषा विभाग, दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय, गया द्वारा अनुशंसित एम.ए. (स्नातकोत्तर) हिन्दी के पत्रों/कोर्सेज एवं एम.ए. स्तर पर ओपन इलेक्टिव कोर्स के रूप में प्रारम्भ करने हेतु "उर्दू भाषा एवं साहित्य: एक परिचय" पत्र/कोर्स को यहाँ संलग्न कर आपकी सेवा में प्रेषित किया जा रहा है। संलग्नकों सहित प्रस्तुत पत्र को प्राप्त कर तद्विषयक अग्रिम कार्रवाई करने का कष्ट करें।

धन्यवाद !

07/8/2023

अध्यक्ष,
भारतीय भाषा विभाग,
दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय, गया

अध्यक्ष/Head
भारतीय भाषा विभाग
Department of Indian Languages
दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय,गया
Central University of South Bihar, Gaya
बिहार/Bihar -824236, भारत/India


संलग्नक : उपरोक्त

| Central University of South Bihar, Gaya | |
|---|---|
| Registrar | |
| IAO | |
| DR-I | |
| DR-II | |
| AR (Dev.) | |
| AR (Estt.) | |
| AR (Rectt.) | |
| AR (Purchase) | |
| AR (Acad/Exam) | |
| PS | LDC |

# बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय, गया

स्नातकोत्तर हिन्दी पाठ्यक्रम
शैक्षणिक वर्ष 2023-2024 से प्रभावी
(राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार)

भारतीय भाषा विभाग,
भाषा एवं साहित्य पीठ




दक्षिणं बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय, गया का भारतीय भाषा विभाग भाषा और साहित्य के अध्ययन-अध्यापन के साथ विद्यार्थियों में उच्चस्तरीय शोध-अभिरुचि विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह भाषा और साहित्य के माध्यम से भारतीय समाज की बहुआयामी सांस्कृतिक विविधताओं का अध्ययन करता है । यह साहित्य और समाज की उत्कृष्ट परंपराओं एवं विरासत को अक्षुण्ण रखते हुए, रचनाशीलता के विकास तथा ज्ञान के नये अनुशासनों की रचना एवं उनमें परस्पर संवाद की ओर उन्मुख है। इसके साथ, यह विभाग बदलते वैश्विक परिदृश्य में नयी तकनीक एवं संचार की दिशा में अग्रसर होते हुए भारतीय भाषाओं को रोजगारपरक बनाने के लिए भी प्रयासरत है। वर्तमान में इस विभाग में स्नातकोत्तर हिन्दी और पी-एच. डी. हिन्दी के पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं।

28/07/2023

28/7

28/7/23

28/07/23

28/7

28/7/23

28/7/23

## स्नातकोत्तर हिन्दी कार्यक्रम

**संकल्पना और उद्देश्य:**

वर्तमान में संचालित स्नातकोत्तर हिन्दी कार्यक्रम हिन्दी भाषा और साहित्य एवं मौलिक शोध में रुचि रखने वालों के साथ उनके लिए भी उपयोगी है, जो अनुवाद, सृजनात्मक लेखन, पत्रकारिता, टेलीविजन, सिनेमा और नई मीडिया में अपनी प्रतिभा का विनियोग करना चाहते हैं। यह कार्यक्रम अध्यापक/अध्यापिका और विद्यार्थी के अंत: संबंध, उनकी परस्पर संदर्भित स्वायत्तता और अंतर-अनुशासनात्मकता के साथ विशेषज्ञता पर बल देता है, इसलिए इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार अध्यापन का भी प्रावधान किया गया है। इसका उद्देश्य मौखिक एवं लिखित भाषिक दक्षता और विश्लेषण- क्षमता विकसित करने के साथ-साथ, हिन्दी-साहित्य को हिन्दीतर भारतीय साहित्य, विश्व-साहित्य तथा ज्ञान के विविध अनुशासनों के परिप्रेक्ष्य में समझाना है। इस कार्यक्रम के प्रस्तुत पाठ्यक्रम की सहायता से विद्यार्थियों में साहित्य की विविधरूप आस्वादन क्षमता का ही नहीं, बल्कि ज्ञान व जीवन के विविध आयामों में प्रयोग करने योग्य आलोचनात्मक विवेक का भी विकास सम्भव है। प्रस्तुत कार्यक्रम के अंतर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर ही विद्यार्थियों को शोध की दिशा में उन्मुख और प्रशिक्षित करना भी लक्ष्यीभूत है।

**शिक्षण-विधि :**

व्याख्यान, ट्यूटोरियल, स्वाध्याय, समूह-चर्चा, विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुति संगोष्ठी, कार्यशाला, क्षेत्र कार्य, परियोजना कार्य आदि के माध्यम से कार्यक्रम के उक्त उद्देश्यों की उपलब्धि को इस पाठ्यक्रम में लक्ष्यीभूत रखा गया है। इसमें हिन्दी भाषा और साहित्य के प्राध्यापकों / प्राध्यापिकाओं के अलावा, आवश्यकतानुसार अन्य अनुशासनों के विशेषज्ञों से सम्पर्क या संवाद भी शामिल होंगे।

## पाठ्यक्रम की संरचना
## राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 ई. के अनुसार
## (जुलाई, 2023 ई. में विकसित)

कुल क्रेडिट - 80, DBCC – 52, DBCC/DBCE -20, OEIC -8, MENC -2 (Non-credit)

[DBCC – (10X4 = 40) + (3X4 = 12) = 52, DBCC/DBCE – 5X4 = 20, OEIC – 2X4 = 8, MENC – Non-credit Course, TOTAL = 80 Credits ]

इस पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को कुल 80 क्रेडिट लेने होंगे। 8 क्रेडिट उन्हें अन्य विभागों से लेना अनिवार्य है। साथ ही उन्हें दो (02) नॉन क्रेडिट कोर्स भी लेना होगा।

## स्नातकोत्तर हिन्दी पाठ्यक्रम (राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 ई. के अनुसार

| SEMESTER-I | | | SEMESTER-II | | | SEMESTER-III | | | SEMESTER-IV | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Course Nature Code | Credit | Course Title | Course Nature Code | Credit | Course Title | Course Nature Code | Credit | Course Title | Course Nature Code | Credit | Course Title |
| DBCC | 04 | हिन्दी साहित्य का इतिहास | DBCC | 04 | आधुनिक हिन्दी कविता | DBCC | 04 | साहित्यशास्त्र : भारतीय और पाश्चात्य | DBCC | 04 | हिन्दी आलोचना |
| DBCC | 04 | प्राचीन और मध्यकालीन हिन्दी काव्य | DBCC | 04 | हिन्दी नाटक और रंगमंच | DBCC | 04 | हिन्दी का अस्मितामूलक साहित्य | DBCC | 04 | निबन्ध और विविध गद्य विधाएँ |
| [illegible] | [illegible] | हिन्दी कथा साहित्य | DBCC | 04 | कार्यालयी हिन्दी और कंप्यूटिंग | DBCC/ DBCE | 04 | भारतीय साहित्य | DBCC | 04 | लघु शोध-प्रबंध लेखन/ प्रोजेक्ट कार्य/ बाह्य क्षेत्र सर्वेक्षण कार्य |
| DBCC | 04 | भाषा विज्ञान और हिन्दी भाषा | DBCC | 04 | शोध : कार्य-प्रणाली, उपकरण और प्रविधि | DBCC/ DBCE | 04 | .विशेष अध्ययन - रैदास, कबीर, तुलसी, मीरा, प्रेमचन्द, मुक्तिबोध | DBCC/ DBCE | 04 | .समकालीन हिन्दी साहित्य .स्त्री साहित्य .हिन्दी दलित साहित्य |
| [illegible] | 04 | #साहित्य और हिन्दी सिनेमा #SWAYAM/ MOOC COURSE | DBCC/DBCE | 04 | .अनुवाद: सिद्धांत और व्यवहार .हिन्दी पत्रकारिता एवं जनसंचार | OEIC | 04 | #साहित्य अध्ययन का वैचारिक परिप्रेक्ष्य #SWAYAM/ MOOC COURSE | DBCC/ DBCE | 04 | .हिन्दी क्षेत्र का लोक-साहित्य .हिन्दी प्रवासी साहित्य |
| MENC | | .हिन्दी पर्यावरण साहित्य | MENC | | .हिन्दी भाषा दक्षता | MENC | -- | .सृजनात्मक लेखन | MENC | -- | .हिन्दी विज्ञान कथा साहित्य |

NOTE: DBCC – (10X4 = 40) + (3X4 = 12) = 52, DBCC/DBCE – 5X4 = 20, OEIC – 2X4 = 8, MENC – Non-credit Course, TOTAL = 80 Credits